# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा / माध्य. / खेलकूद–1 / स्काउटगाइड / 35105 / 2015–16 /     दिनांक 22.05.19
ईमेल आईडी **dd.sports.dse@rajasthan.gov.in**

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा

विषय :– कमिश्नर बेसिक कोर्स में भाग लेने के संबध में।
प्रसंग :– राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय, जयपुर का परिपत्र क्रमांक –रा.मु. / 2019–20 / 1011 दिनांक 08.05.2019

उपरोक्त विषयान्तर्गत राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के सदर्भित परिपत्र के अनुसार वर्ष 2019–20 हेतु कमिश्नर बेसिक कोर्स (स्काउट व गाइड विभाग) दिनांक 08.06.2019 से 12.06.2019 तक माउन्ट आबू (सिरोही) में स्काउटिंग एवं संख्यात्मक अभिवृति हेतु आयोजित किया जा रहा है।

अतः संलग्न पत्रानुसार आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त पत्र के संबध में आवश्यक कार्यवाही कर, की गई कार्यवाही से अद्योहस्ताक्षरकर्ता को ई–मेल आईडी sec.sportsbkn@yahoo.com/ dd.sports.dse@rajasthan.gov.in पर प्रेषित करना सुनिश्चित करावें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

संलग्न : उपरोक्तानुसार

www.rajteachers.com

उप निदेशक (खेलकूद)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–
01. राज्य सचिव, राजस्थान भारत स्काउट व गाइड, जयपुर।
02. रक्षित पत्रावली।

# राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय

**जवाहर लाल नेहरू मार्ग, बजाज नगर, जयपुर– 302015**

टेलीफोन नं. 0141–2706830, 2706032 फेक्स नं. 0141–2707679, ई–मेल:–rajscoutguide@yahoo.com


क्रमांक:– रा.मु./2019–20/1011    (3) 14/5/19    164 14/05/19    दिनांक: 08/05/19

निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर (राज.)

विषय :– राज्य स्तरीय स्काउट गाइड कमिशनर्स बेसिक कोर्स माउण्ट आबू में सम्भागित्व हेतु आदेश प्रसारित करने बाबत्।

मान्यवर,

निवेदन है कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय, जयपुर के निर्धारित वार्षिक कार्यक्रमानुसार वर्ष 2019–20 में कमिश्नर्स बेसिक कोर्स का आयोजन स्काउट गाइड राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, माउण्ट आबू (सिरोही) पर दिनांक 8.06.2019 से 12.06.2019 तक किया जा रहा है। परिपत्र संलग्न है।

निवेदन है कि राजस्थान प्रदेश स्काउट/गाइड संगठन सम्पूर्ण राष्ट्र में संख्यात्मक दृष्टि से द्वितीय परन्तु गुणात्मक दृष्टि से प्रथम पंक्ति का संगठन है। इस विकास की प्रगति में और तेजी से बढने के लिए प्रदेश संगठन में कार्यरत स्काउट/गाइड कमिश्नर्स की अहम भूमिका रहती है। इसके लिए प्रदेश में समस्त स्थानीय संघों के प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर्स स्काउट/गाइड के लिए उक्त प्रशिक्षण कोर्स किया जा रहा है। वर्तमान में स्थानीय संघ प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर का दायित्व स्थानीय संघ परिक्षेत्र में पदस्थापित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों द्वारा सम्भाला जा रहा है।

अतः जिन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों द्वारा कमिश्नर कोर्स प्राप्त नहीं किया हुआ है उन सभी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी साहेबान को उक्त कोर्स में सम्भागित्व किये जाने हेतु आदेश प्रसारित करने की अनुकंपा करें।

सधन्यवाद।

www.rajteachers.com

भवदीय

(रविनन्दन भनोत)
राज्य सचिव

# राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय

**राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, जगतपुरा जयपुर**

टेलीफोन न. 0141-2973131 ई-मेल:-scoutguidestc@gmail.com

क्रमांकः पं. () रा.प्र.के./2019-20/730 दिनांक- 10/05/19

सहायक राज्य संगठन आयुक्त

मण्डल मुख्यालय,

समस्त।

विषयः- कमिश्नर बेसिक कोर्स, आबूपर्वत।

महोदय,

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर द्वारा स्वीकृत सत्र 2019-20 के वार्षिक कार्यक्रमानुसार कमिश्नर्स बेसिक कोर्स का आयोजन दिनांक 08 से 12 जून, 2019 तक आबूपर्वत केन्द्र न. 1 ओल्ड गोल्फ मैदान पर किया जा रहा है। शिविर का विवरण निम्नानुसार हैः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | शिविर का नाम | :- | कमिश्नर बेसिक कोर्स । (स्काउट व गाइड विभाग ) |
| 2. | तिथियाँ | :- | 08 से 12 जून, 2019 |
| 3. | स्थान | :- | राजस्थान राज्य भारत स्काउट/गाइड राज्य प्रशिक्षण केन्द्र न.1 ओल्ड गोल्फ मैदान, केन्द्रीयबस स्टेण्ड के पास, आबूपर्वत (सिरोही) |
| 4. | सम्पर्क | :- | सर्कल ओर्गेनाइजर आबूपर्वत (सिरोही) फोन न. 02974-238662 मोबाईल नं. 80030-97176 |
| 5. | पहुँच | :- | शिविर दिनांक 08 जून, 2019 को प्रारम्भ होगा। अतः प्रातः 09.00 बजे तक शिविर स्थल पर पहुँचना आवश्यक है। |
| 6. | प्रस्थान | :- | दिनांक 12 जून, 2019 को मध्यान्ह पश्चात् (सांय 4 बजे तक) प्रस्थान कर सकेंगे। |
| 7 | शुल्क | :- | पंजीकरण शुल्क - 80.00 रू. संबंधित संस्था द्वारा देय। |
| | | :- | विकास शुल्क - 200.00 रू.संबंधित संस्था द्वारा देय। |
| | | | योग - 280.00 रू. |
| 8. | आवास व्यवस्था | :- | आवास व्यवस्था तम्बुओं/छोलदारियों में होगी। |
| 9. | भोजन व्यवस्था | :- | शिविर में भोजन की व्यवस्था संगठन द्वारा निः शुल्क की जावेगी। |
| 10. | यात्रा व्यय | :- | संभागीयों को यात्रा व्यय आदेश क्रमांक पं. 8 (12) शिक्षा/ग्रुप-4/76 दिनांक 18.08.2016 के अनुसार राज्यकोषसे देय होगा। इस हेतु प्रस्थान से पूर्व सक्षम अधिकारी से स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक है। |
| 11. | योग्यता | :- | राज्य, मण्डल, जिला स्तर पर प्रदेश संगठन में नियुक्ति स्काउट गाइड कमिश्नर्स एवं स्थानीय संघ मुख्यालय पर नियुक्त प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर्स स्काउट गाइड जिन्होंने कमिश्नर बेसिक कोर्स प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया हो। जो शरीर से स्वस्थ हो तथा शिविर के श्रम को वहन करने की क्षमता रखते हों। |
| 12 | आवंटित संख्या | :- | प्रति जिला 1+1 प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर (स्काउट/गाइड) की संख्या निर्धारित की जाती है। इससे अधिक संख्या में संभागी स्वीकार नहीं किये जायेंगे। |

www.rajteachers.com

13. पंजीकरण :— आवेदन फार्म दिनांक 30.04.2019 तक मण्डल मुख्यालय पर तथा मण्डल मुख्यालय द्वारा दिनांक 10.05.2019 तक राज्य मुख्यालय को भिजवाना होगा। शिविर के लिए प्राप्त आवेदन पत्र राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, पचमढ़ी (म.प्र) भिजवाकर स्वीकृति प्राप्त होने पर शिविर में सम्मिलित करवाया जा सकेगा।

14. पोशाक :— (अ)स्काउट विभाग—
एपीआरओ भाग–2 के अनुसार पूर्ण व सही पोषाक–नेवी ब्लू पेंट स्टील ग्रे कमीज, (दो ढक्कनदार जेब), नीली बेरट कैप मय कैप बैज, नायलॉन ग्रे कलर निर्धारित स्काउट बेल्ट, काले मोजे, फीतेदार काले जूते, कमिश्नर स्कार्फ, वोगल, आदि साथ लावें। प्रातः कालीन व्यायाम के लिए ब्ल्यू ट्रेकशूट साथ लावे ।
(ब)गाइड विभाग—
नीली बिना बार्डर वाली प्लेन साडी, पेटीकोट (काला/नीला), सफेद ब्लाउज लम्बा, (साडी को तीन इंच ढकता हुआ) टेनिस कालर, दो जेब ढक्कनदार, काले जूते, केमल कलर के मोजे, नाइलॉन की गाइड ब्राउन बेल्ट, कमिश्नर स्कार्फ, वोगल, आदि साथ लावे।

15. अन्य सामग्री :— मौसम के अनुसार बिस्तर, बदलने के कपडे, नित्य उपयोग की सामग्री, टार्च, प्रेन, स्वयं की आदत के अनुसार उपयोग की दवाईयॉ साथ लावें।

16. विशेष :— 1. शिविरावधि में शिविर केन्द्र छोडने की स्वीकृति नही दी जावेगी।
2. विलम्ब से आने वाले को स्वीकार नहीं किया जावेगा।
3. शिविर में किसी अन्य सदस्य को साथ न लावें अन्यथा शिविर में सम्मिलित नहीं किया जा सकेगा।

राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट)

क्रमांकः पं. () रा.प्र.के./2019–20/ 371–78 दिनांकः– 10/04/19

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :—

1. राज्य मुख्यालय पदाधिकारीगण।
2. मण्डल सचिव, मण्डल मुख्यालय, समस्त।
3. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी........................................
4. सर्कल आर्गे.(स्का/गा) समस्त अपने जिले से मण्डल के निर्देशानुसार कमिश्नर्स बेसिक कोर्स हेतुआवेदन 10 मई, 2019 तक मण्डल के माध्यम से राज्य मुख्यालय को भिजवावें।
5. सी.ओ. (स्काउट) ट्रेनिंग सेन्टर, जगतपुरा, जयपुर
6. संस्था प्रधान........................................
7. लेखाशाखा, राज्य मुख्यालय, जयपुर/ ट्रेनिंग सेन्टर, जगतपुरा, जयपुर।
8. सहायक प्रोग्रामर रा.मु. जयपुर को ईमेल एवं वेबसाईट में अपलोड हेतु।

www.rajteachers.com

राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट)

# राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय......................

शिविर का नाम..............................................................................

## आवेदन–पत्र

पासपोर्ट साइज फोटो

राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट)
राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड
राज्य मुख्यालय, जयपुर
महोदय,

निवेदन है कि मै दिनांक.................से ...............तक स्थान ............................................ पर आयोजित..............................................................में भाग लेना चाहता हूँ। मेरा व्यक्तिगत विवरण निम्नानुसार है:–

1. नाम (आवेदक) :– ..............................................................................
2. मोबाइल न0 :–..............................ई–मेल ..............................................
3. जन्म तिथी :– ........................................आयु ..........................................
4. विद्यालय / ग्रुप का नाम व पता :–.........................................................
   ..............................................................................
   ................ चार्टर संख्या..............................दिनांक.......................
5. नियुक्ति पत्र संख्या :–...........................दिनांक...............................अवधि तिथी.................
6. आन्दोलन में पद :– ..............................................................................
7. शैक्षणिक योग्यता :–..............................................................................
8. स्काउटिंग / गाइडिंग योग्यता :– ............................................................
9. अभिरूचि :– ..............................................................................

दिनांक :– ..........................................

आवेदक के हस्ताक्षर

..............................................................................................................

www.rajteachers.com

संस्था प्रधान के हस्ताक्षर
एवं मोहर

अभिशषा सहित प्रेषित है।

सर्कल ओर्गनाइजर
(स्काउट / गाइड)
जिला मुख्यालय........................

सहायक राज्य संगठन आयुक्त
(स्काउट / गाइड)
मण्डल मुख्यालय